# शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा
## जिला–उ.ब.कांकेर (छत्तीसगढ़)

**आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ बैठक का कार्यवृत्त (Minutes of Meeting)**

दिनांक : 27 जनवरी, 2023 को दोपहर 02.00 बजे प्राचार्य की अध्यक्षता में कक्ष क्रमांक : 02 (ICT Room) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गई थी। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेण्डानुसार चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इस बैठक का कार्यवृत्त/विवरण निम्नानुसार है :–

**बैठक का कार्यवृत्त (Minutes of Meeting)**

(1) नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया में छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण (Student Satisfaction Survey) में विद्यार्थियों की सहभागिता में और वृद्धि करने हेतु ज्यादा प्रचार–प्रसार करने के लिए समस्त सहायक प्राध्यापकों को निर्देशित करने को कहा गया।

(2) महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र : 2022–23 हेतु संग्रहित संस्था फीडबैक एवं अभिभावक फीडबैक के विश्लेषण हेतु समिति के सदस्यों को दायित्व सौंपने का निर्णय लिया गया।

(3) एलुमनाई फीडबैक, विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का फीडबैक, संस्था फीडबैक, अभिभावक फीडबैक एवं कोर्स संबंधित फीडबैक हेतु सदस्यों से फीडबैक की संरचना/मानदण्डों पर सुझाव आमंत्रित किया गया था। बैठक में उक्त फीडबैक प्रपत्रों हेतु कोई सुझाव/सुधार प्रस्तुत नहीं किये जाने पर पूर्व के फीडबैक प्रपत्रों को शैक्षणिक सत्र : 2022–23 के लिए प्रयोग किया जायेगा।

(4) राज्य गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ , रायपुर द्वारा दिनांक : 05 जनवरी, 2023 को आयोजित नैक प्रस्तुतिकरण की कार्यशाला के संबंध में सदस्यों को अवगत कराया गया एवं विभागवार नैक प्रस्तुतिकरण एवं दस्तावेज संधारण के संबंध में प्राचार्य एवं आईक्यूएसी संयोजक द्वारा आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। सदस्यों के द्वारा समस्त स्टॉफ हेतु बैठक/कार्यशाला आयोजित करने पर बल दिया गया।

(5) उच्च शिक्षा एवं महाविद्यालयीन अकादमिक कलैण्डर : 2022–23 का दृढ़तापूर्वक पालन नहीं हो पा रहा है। प्राचार्य को इस संदर्भ में ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कहा गया।

(6) महाविद्यालय में आंतरिक परीक्षायें सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न नहीं होती हैं। समिति की पूर्ववर्ती बैठकों में भी इस संदर्भ में प्रबंधन को अवगत कराया गया था। अकादमिक कलैण्डर एवं प्रवेश की अंतिम तिथि को ध्यान में रख कर सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन हेतु पुनः सुझाव दिया गया।

(7) महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों को अपने–अपने विभाग का बेस्ट प्रैक्टिस प्रारंभ करने हेतु निर्देशित करने का सुझाव दिया गया।

(8) एलुमनाई एसोसिएशन का रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाऐं, छत्तीसगढ़ शासन से पंजीयन आज पर्यंत तक विचाराधीन है। महाविद्यालय के किसी अधिकारी/कर्मचारी को इस हेतु अधिकृत करने का सुझाव महाविद्यालय प्रबंधन को दिया गया।

IQAC Govt College Charama

(9) महाविद्यालय के ग्रंथालय को कम्प्यूटरीकृत एवं सुव्यवस्थित करने हेतु ठोस पहल करने एवं एन–लिस्ट की सदस्यता में आ रही दिक्कतों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने को कहा गया।

(10) महाविद्यालय में वर्तमान में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "फण्डामेंटल ऑफ कम्प्यूटर" वैल्यू एडेड कोर्स का संचालन किया जा रहा है। अन्य विभागों को भी वैल्यू एडेड कोर्स प्रारंभ करने हेतु प्रबंधन द्वारा समस्त विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश देने का सुझाव दिया गया।

(11) महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों/प्रकोष्ठों की नियमित बैठक आहूत करने एवं समिति/प्रकोष्ठों द्वारा नियमानुसार बैठक पंजी का संधारण करने हेतु संयोजकों को निर्देश देने को कहा गया।

(12) महाविद्यालय में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार/संगोष्ठी/वेबिनार, कैपिसिटी बिल्डिंग कार्यशाला आदि के आयोजन पर चर्चा की गई।

(13) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा पिछली बैठकों में जो निर्णय लिये गये हैं, लेकिन जिनका क्रियान्वयन अभी तक नहीं हुआ है, उस पर समिति ने असंतोष प्रकट किया और उनके शीघ्र क्रियान्वयन हेतु प्रबंधन को कहा गया।

(रवीन्द्र सिंह चंद्रवंशी)
संयोजक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

(डॉ. के. के. मरकाम)
प्राचार्य
शास शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा
जिला– उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

Principal
Govt. Shaheed Gendsingh College Charama
Distt. Uttar Bastar Kanker (C.G.)

IQAC Govt College Charama

–: उपस्थित सदस्य :–

| सदस्य | पदनाम | हस्ताक्षर |
| --- | --- | --- |
| श्री हेम प्रसाद पटेल | (सहायक प्राध्यापक,रसायनशास्त्र) | |
| श्री कुलेश्वर प्रसाद | (सहायक प्राध्यापक,भौतिक शास्त्र) | |
| श्री एम एल नेताम | (सहायक प्राध्यापक,राजनीति विज्ञान) | |
| श्री महेंद्र नायक | अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति | |
| डॉ. अभिषेक मिश्र | (सहायक प्राध्यापक,जंतु विज्ञान) | |
| श्री धर्मेंद्र सिन्हा | भूतपूर्व छात्र | |
| श्री अनूप यादव | अतिथि व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) | |
| श्रीमति रीता नेताम | (सहायक ग्रेड–3) | |